प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले उपनिरीक्षक व मुख्य आरक्षी को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपहार देकर दी गई भावुक विदाई।





आज दिनाँक 30.06.2022 को पुलिस लाइन्स स्थित सभाकक्ष में आयोजित विदाई कार्यक्रम में 02 उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी को उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह/शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा किये गये सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये सभी के उज्ज्वल भविष्य व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों का विवरण...

1. उ0नि0 श्री शिवाकान्त पाण्डेय
2. उ0नि0 श्री बाबू सिंह
3. मुख्य आरक्षी श्री बाबूलाल सिंह

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, प्रभारी परिवहन शाखा श्री ललित नारायण दूबे व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण सहित सेवानिवृत्त हुये कर्मियों के पारिवारीजन भी मौजूद रहे।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "परिवार परामर्श केन्द्र"
## कमेटी ने परिवारों को बिखरने से बचाया-

आज दिनाँक 30.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन अवस्थित प्रांगण में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह तथा प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला सहित समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पारिवारिक विवाद वाले 04 मामलों को बारी-बारी से सुना गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक महोबा व मौजूद परिवार परामर्श के सदस्यों की सूझबूझ से पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग के फलस्वरूप 04 जोड़े आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को हुए राजी। अन्य मामलो में अगली तारीख दी गई।

इस परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 पूजा यादव, म0कां0 रेखा देवी, समाजसेविका श्रीमती नीतू पालीवाल, श्रीमती विभा पुरवार, श्रीमती अंशु शिवहरे, सुश्री नेहा चन्सौरिया ,समाजसेवी श्री शरद तिवारी दाऊ, श्री शिवकुमार गोस्वामी, मो0 हनीफ, रामजी गुप्ता आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 30.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।




